प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबल पद की भर्ती में अब 10 प्रतिशत पद अग्निवीरों के लिए आरक्षित।
- चुनाव आयोग ने समीक्षा बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान पूरी सावधानी बरतने का दिया निर्देश।
- नीट यूजी पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड रॉकी गिरफ्तार, झारखंड को बना रखा था अपना ठिकाना।
- ईडी की टीम ने दूसरे दिन भी रांची के कांके अंचल कार्यालय में की जांच, सीओ से पूछताछ के दौरान जमीन की हेराफेरी के मिले साक्ष्य।
- राज्य में मानसून सक्रिय, साइक्लोन का भी दिख रहा है असर, मौसम विभाग ने सभी जिलों में गरज के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी की जारी की।

****

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में अब पूर्व अग्निवीरों की नियुक्ति की जाएगी। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीआईएसएफ ने इस संबंध में सभी व्यवस्थाएं कर ली हैं।

इधर, सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा कि इससे सभी बलों को फायदा होगा।

इस बीच सीआरपीएफ के महानिदेशक अनिस दयाल सिंह ने बताया कि सीआरपीएफ ने इस संबंध में सभी व्यवस्थाएं कर ली हैं।

****

चुनाव आयोग ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान पूरी सावधानी बरतने का निर्देश दिया है। झारखंड आयी आयोग की टीम ने कल रामगढ़ जिले के पतरातू में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि झारखंड में जल्द ही विधानसभा चुनाव की घोषणा की जायेगी।

****

राज्य के 15 सौ पीजीटी शिक्षकों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरावं, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम भी शामिल होंगे।

****

भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर राज्य सरकार पर युवाओं के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने जामताड़ा में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संताल परगना में डेमोग्राफी बदलने, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था को पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में मुद्दा बनायेगी।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

केंद्रीय जांच ब्यूरो–सीबीआई ने राकेश रंजन उर्फ रॉकी नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसे नीट यूजी पेपर लीक मामले का सरगना माना जा रहा है। वह इस रैकेट के एक अन्य प्रमुख व्यक्ति संजीव मुखिया से भी जुड़ा हुआ है, जो दो दशकों से घोटाले में शामिल है और फरार है। बताया जाता है कि रॉकी ने अपना ठिकाना झारखंड में बना रखा था। रॉकी की गिरफ्तारी से सीबीआई को जांच में मदद मिल सकती है। गिरफ्तारी के बाद रॉकी को सीबीआई ने पटना कोर्ट में पेश किया, जहां से सीबीआई को उसकी दस दिनों की रिमांड दी गयी है। जांच एजेंसी ने अब तक झारखंड के हज़ारीबाग़ के स्कूल के प्रधानाचार्य और उप–प्रधानाचार्य सहित समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है।

****

सरायकेला खरसावां जिले में स्वच्छ भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन की पहल की जा रही है।

****

प्रवर्तन निदेशालय –ईडी की टीम ने कल दूसरे दिन भी रांची के कांके अंचल कार्यालय में छानबीन की। इस दौरान जांच एजेंसी को जमीन की हेराफेरी के साक्ष्य मिले। इसके बाद ईडी के अधिकारी कांके के अंचल अधिकारी जय कुमार राम को लेकर प्रोजेक्ट भवन स्थित एनआईसी कार्यालय पहुंचे और उन सारी जमाबंदियों का रिकार्ड हासिल किया, जिसे अंचल अधिकारी ने डिलीट कर दिया था।

****

मौसम विभाग ने आज राज्य के सभी जिलों में गरज के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। रांची स्थित मौसम केंद्र ने बताया कि बीकानेर, जयपुर, बलिया, ओराई, आसनसोल और बागती से होते हुए बंगाल की खाड़ी की ओर मानसून टर्फ बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आएगी।

****

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने रांची के कांके अंचल कार्यालय में दूसरे दिन भी ईडी की कार्रवाई की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– अक्टूबर में विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है झारखंड।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– कमलेश के घर में छापे की रात सीओ हटा रहा था डाटा।

प्रभात खबर के शब्द हैं– नीट पेपर लीक का प्रमुख आरोपी रॉकी पटना से गिरफ्तार, रांची में बना रखा था ठिकाना।

दैनिक जागरण लिखता है– रांची में खुलेगा पूर्वी भारत का पहला दिव्यांग विश्वविद्यालय।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने जमानत को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणी को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

जबकि हिन्दुस्तान टाइम्स ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की नीट यूजी अभ्यर्थियों से मुलाकात को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****